G20

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)

Email address principalgckota@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कमांकः–   दिनांकः–

खेल विभाग रिपोर्ट
राजकीय महाविद्यालय कोटा

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अन्तर महाविद्यालय, खेल प्रतियोगिता 2023–24 में राजकीय महाविद्यालय कोटा के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया साथ ही कई स्पर्धाओं में मेडल भी जीतें।

नवम्बर माह 2023 में महाविद्यालय द्वारा तीरंदाजी प्रतियोगिता (महिला/पुरूष) का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग आठ महाविद्यालयों से कुल 16 खिलाड़ियों (महिला/पुरूष) ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग 50 मीटर व 30 मीटर में मनीष सावंरिया, लोर्ड बुद्धा कॉलेज, कोटा एवं महिला वर्ग में प्रियंका टेगोर कॉलेज सवाई माधोपुर ने स्वर्ण पदक जीते। इसी माह खेल विभाग कोटा विश्वविद्यालय में आयोजित स्पर्धाओं टग ऑफ वार, पुरूष व महिला और नेट बॉल पुरूष व महिला में राजकीय महाविद्यालय कोटा की टीमों ने गोल्ड मेडल जीते। तीरंदाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय से अभिषेक सुवालका ने कास्य पदक तथा खुश्मिता ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त टाइकोन्डो, योगा बेडमिन्टन, साफ्टबॉल तथा बाक्सिंग आदि प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुये अच्छा प्रदर्शन किया। गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के आगमन पर प्राचार्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही खेल विभाग ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं संकाय सदस्यो ने उनका उत्साहवर्धन करते हुये प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव एवं प्रो.कुसुम डंग ने खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु घोषणा की।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, कोटा